मासिक ई-समाचार पत्रिका

# डॉ० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय

पूसा, बिहार-848 125



खंड–4, अंक–10

अक्टूबर-2023

## संपादकीय

संरक्षक:

डॉ. पी. एस. पाण्डेय
माननीय कुलपति

संकलन एवं संपादन:

डॉ. राकेश मणि शर्मा
डॉ. शंकर झा
डॉ. सत्य प्रकाश
डॉ. मोहित शर्मा
डॉ. आशीष कुमार पंडा
डॉ. सुधा नंदनी
गुप्तनाथ त्रिवेदी

तकनीकी सहयोग:

मनीष कुमार

मुद्रण:
प्रकाशन प्रभाग
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा

संपर्क:
www.rpcau.ac.in
publicationdivision@rpcau.ac.in



## कुलपति महोदय का सन्देश

**प्रिय पाठकों,**

मुझे विश्वविद्यालय के अक्टूबर-2023 माह की ई-समाचार पत्रिका प्रस्तुत करते हुए अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। यह अंक विश्वविद्यालय की अनेक उपलब्धियों को दर्शाता है जो विश्विद्यालय हेतु किये जा रहे हमारे अनवरत प्रयासों इंगित करता है।

अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हमारे वैज्ञानिकों द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों हेतु हमें दो और पेटेंट प्राप्त हुए हैं जो अनुसन्धान कार्य के प्रति समर्पण एवं प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। सितम्बर का पूरा महीना "हिन्दी चेतना माह" के लिए समर्पित रहा जिसमे हमारे दैनिक प्रशासनिक, अनुसंधान और शैक्षणिक कार्यों को हिन्दी में संचालित किया गया साथ हीं, हमारे युवाओं में इसे संचार के साधन एवं जन-जन की भाषा के रूप में अपनाने की पहल की गयी। हिन्दी के दैनिक एवं कार्यालयीय उपयोग से हम सभी को गर्व की अनुभूति होती है। नयी शिक्षा नीति -2020 में भी प्राथमिक शिक्षा में मातृभाषा के प्रयोग पर जोर दिया गया है। चूंकि हम हिन्दी भाषी क्षेत्र में अवस्थित है जो राजभाषा की श्रेणी "क" क्षेत्र के अंतर्गत आता है, यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने रोजमर्रा के गतिविधियों में इसके उपयोग का विस्तार करें। ऐसे में श्री भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की प्रसिद्ध पंक्तियाँ स्वतः स्मृति में आती हैं -**"निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को शूल"** "अर्थात, बिना मातृभाषा की उन्नति के बिना किसी भी समाज की उन्नति संभव नहीं है तथा अपनी भाषा के ज्ञान के बिना, स्वयं से जुड़ाव तथा मन की जड़ता को दूर करना कठिन है। वस्तुतः अनेक दार्शनिकों ने हिन्दी भाषा की गरिमा को बनाये रखने में अपनी भूमिका निभाई है तथापि भाषा की इस विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अब हमारी है।

देश के पहले उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सम्मान के रूप में विश्वविद्यालय में दिनांक 5 सितंबर को शिक्षक दिवस उत्सव मनाया गया। इसी शुभ अवसर पर हमारे विश्वविद्यालय में 'करियर एडवांसमेंट स्कीम' के तहत सुयोग्य पदोन्नति के माध्यम से 113 में से कुल 96 शिक्षकों को पदोन्नत किया गया। हमारे शैक्षणिक समुदाय के उत्कृष्टता को पुरस्कृत करने से निश्चित हीं उनके मनोबल एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

ऋषि और कृषि की भूमि भारत ने सदैव पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक के आपसी सौहार्द्र को अपनाया है। इस आधुनिक युग में, सामाजिक सुधारों के लिए प्रौद्योगिकी का जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग महत्वपूर्ण है। इसलिए हमारा विश्वविद्यालय एक तरफ ड्रोन प्रौद्योगिकी एवं एकीकरण खेती जैसी तकनीकी का लाभ उठाने की अपनी प्रतिबद्धता पर अटल है, वहीँ दूसरी ओर हम प्राकृतिक खेती में बी.एस.सी (एजी.) पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने जा रहे हैं। विश्वविद्यालय में इन विषयों पर चल रहे अनुसन्धान से काफी संतोषजनक परिणाम मिले हैं। कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन तकनीक के संभावित अनुप्रयोग बहुत व्यापक हैं और हम विश्वविद्यालय में इसके प्रयोगों को लेकर काफी उत्साहित हैं।

विश्वविद्यालय ने **"जलवायु अनुकूल कृषि की ओर विश्वविद्यालय के बढ़ते कदम: एक वार्षिक समीक्षा"** कार्यक्रम भी आयोजित किया जिसमें पिछले वर्ष के दौरान की गयी कई महत्वपूर्ण गतिविधियों जैसे प्रशासनिक सुधार, पारदर्शिता, जवाबदेही, ई-ऑफिस कार्यान्वयन, शिक्षण, अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों में उत्कृष्टता का अवलोकन किया गया। हम अत्याधुनिक तकनीक के साथ कृषक समुदाय की बेहतरी के लिए लगातार काम कर रहे हैं तथा कृषक सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षण, अनुसंधान और प्रसार के क्षेत्रों में अपने मूल्यवान योगदान के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के प्रसिद्ध भारतीय कृषि वैज्ञानिक, भारतीय हरित क्रांति के जनक, सतत खेती के प्रवर्तक और भूख के खिलाफ आजीवन अभियान चलाने वाले डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन का दुःखद निधन, वास्तव में एक गहन क्षति है। उनकी विरासत सदैव अमर रहेगी और कृषक समुदाय के कल्याण के लिए उनके कार्य जीवन से हम सदैव प्रेरणा लेते रहेंगे।

**जय हिन्द।**

(डॉ. पी. एस. पाण्डेय)

Monthly e-Newsletter
Dr. Rajendra Prasad Central Agricultural University
Pusa, Bihar-848 125



Volume-4, Issue-10 October-2023

EDITORIAL BOARD

Chief Patron:
Dr. P. S. Pandey
Vice-Chancellor

Compiled & Edited by:
Dr. R.M. Sharma
Dr. Shankar Jha
Dr. Satya Prakash
Dr. Mohit Sharma
Dr. A.K. Panda
Dr. S. Nandni
G. Trivedi

Tech. Assistance :
Manish Kumar

Published by:
Publication Division
RPCAU, Pusa.

Contact:
www.rpcau.ac.in



# Vice-Chancellor's Message

**Dear Readers,**

I am pleased to present the university e-newsletter for the month of October, 2023. Last month was full of many impactful and noteworthy activities which is a testament to our unwavering dedication.

Excelling in the field of Research, we have received 2 more patents on the technologies developed by our scientists which shows the sheer commitment and devotion towards work. Whole month was devoted to "Hindi Chetna Mah" for realizing its importance in our day to day administrative, research and academic works and also to instill the pride among our youth with respect to use of Hindi as mother tongue and means of communication language of masses. The NEP-2020 also emphasizes the use of mother tongue in primary education. Since we are situated in Hindi speaking region which falls under category "A" of Rajbhasha Division, it becomes our responsibility to expand its use in our day-to-day official activities. The famous lines of Sh. Bhartendu Harishchandra, **"निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।।"** which states that without the progress of mother tongue, progress of any society is not possible and without knowledge of one's own language, it is difficult to feel connect with own self and remove the inertia of the mind. Indeed, many philosophers kept the dignity of Hindi language and it is our responsibility to carry its legacy forward rather than just celebrating and forgetting.

September 5th marked the celebration of Teachers' Day to honor Dr. Sarvepalli Radhakrishnan, the country's first Vice President and former President. We have collectively celebrated this occasion as RPCAU family by recognizing the hard work of our teachers through well-deserved promotions. A total of 96 teachers out of 113 were promoted under CAS, which witness the emphasis we place on recognizing and rewarding excellence within our academic community.

India, a land of rishi and Krishi, has always embraced the harmony between traditional wisdom and modern technology. In this modern era, the responsible use of technology is pivotal for societal betterment. Therefore, our university is steadfast in its commitment to leveraging technological advancements like integration and use of drone technology for the enhancement of society on one hand, on the other hand we are going to start B.Sc. (Ag.) in Natural Farming. Our ongoing experiments in these domains have yielded quite satisfactory results. The potential applications of drone technology are vast, and we are excited about the positive impact it could have on various sectors.

University has also organized 'A step of University towards Climate Resilient Agriculture: An Annual Review', which provided us a reflection on the initiatives took place during last one year. There were many significant activities during the last one year in areas of administrative reforms, transparency, accountability, e-office, implementation, excellence in Teaching, Research, and Extension activities. We are continuously working for the betterment of farming community with the state of art facilities and uplifting our core domains of Teaching, Research and Extension for more valuable contribution in near future.

The sad demise of Dr. M S Swaminathan, the father of India's Green Revolution, a renowned Indian agricultural scientist of international repute, promotor of sustainable farming and a lifelong campaigner against hunger is indeed a moment of profound grief for all of us. His legacy will always be immortal and we will keep taking inspiration from his work and life for the welfare of the farming community.

**Jai Hind!**

(Dr. P. S. Pandey)

# शिक्षा एवं शैक्षिक गतिविधियाँ

➢ **बी.एफ.एस.सी का अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम**




ग्रामीण मत्स्य पालन कार्य अनुभव हेतु 4 सप्ताह की अवधि के लिए मत्स्यकी महाविद्यालय, ढोली के बी.एफ.एस.सी. कार्यक्रम (बैच 2020-21) के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में कुल 43 छात्रों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों पर प्रतिस्थापित होकर भाग लिया।




➢ **पंडित दीनदयाल उपाध्याय वानिकी एवं उद्यानिकी महाविद्यालय, पीपराकोठी के स्थापना सप्ताह एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मोत्सव का आयोजन :**



दिनांक 20-25 सितंबर 2023 के दौरान पीपराकोठी में महाविद्यालय स्थापना सप्ताह एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जन्म-जयंती मनाया गया जिसमे पूरे सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किए गए। उत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण



मंत्री एवं सांसद मोतिहारी, श्री राधामोहन सिंह तथा श्री प्रमोद कुमार, विधायक मोतिहारी एवं बिहार सरकार में पूर्व मंत्री के गरिमामय उपस्थिति में किया गया।

➢ **सामान्य ओरिएंटेशन और ऑन-कैंपस प्रशिक्षण कार्यक्रम**

दिनांक 25.09.23 से 30.09.23 तक रावे एवं एग्रो इंडस्ट्रियल अटैचमेंट के तहत प्रसार शिक्षा विभाग, तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली ने 7वें सेमेस्टर के छात्रों के लिए सामान्य ओरिएंटेशन और ऑन-कैंपस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।




➢ **कैम्पस प्लेसमेंट की तैयारी के लिए ओरिएंटेशन कक्षाएं**

विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने कैंपस प्लेसमेंट और सॉफ्ट स्किल की व्यावसायिक विकास की तैयारी के लिए ओरिएंटेशन कक्षाएं शुरू कीं। इस कार्यक्रम में तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली के 86 छात्रों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया।।



➢ **दिनांक 28.09.2023 को माननीय कुलपति, डॉ. रा. प्र. के. कृ. वि., पूसा** डॉ. पी.एस. पांडेय, ने ढोली परिसर का दौरा किया, जहाँ उन्होंने महाविद्यालय के छात्रावास अधीक्षकों और छात्रों के साथ संवाद किया।



## EDUCATION & EDUCATIONAL ACTIVITIES

➢ **Experiential learning programme of B.F.Sc. Students**




The final-year students of the B.F.Sc. Programme (Batch 2020-21) at the College of Fisheries were assigned to participate in the Rural Fisheries Work Experience Programme for a duration of 4 weeks. A total of 43 students were stationed at different Krishi Vigyan Kendra locations under the administrative control of RPCAU, Pusa




➢ **Celebration of Foundation Week of the College and Birth Anniversary of Pandit Deendayal Upadhyay Ji At PDUCH&F, Piprakothi**



PDUCH&F, Piprakothi, celebrated the College Foundation Week and Pandit Deendayal Upadhyay Ji's Birth Anniversary from 20-25 September 2023. Numerous events were held throughout the week



to ensure a wide outreach. The celebration was inaugurated in the gracious presence of Shri. Pramod Kumar, MLA Motihari, and Former Minister in the Bihar Govt. It commenced with Shri. Radhamohan Singh, MP Motihari, and Former Union Minister of Agriculture and Farmer's Welfare as the Chief Guest of the event.

➢ **General Orientation & On-Campus Training Programme** Department of Extension Education, TCA, Dholi successfully organised General Orientation & On-Campus Training Programme for 7th semester students under RAWE & Agro Industrial Attachment from 25.09.23 to 30.09.23.



➢ **Orientation Classes for the Preparation of Campus Placement** The placement cell, RPCAU, Pusa started the orientation classes for the preparation of campus placement and professional development of the students. The inaugural class of soft skills 86 students of TCA, Dholi were participated with full of enthusiasm and energy.



➢ **Dr. P. S. Pandey, Hon'ble Vice Chancellor, RPCAU, Pusa** visited Dholi campus on 28.09.2023 and interacted with Hostel Wardens, Superintendents and students of the college.





➢ **दिनांक 25 सितंबर, 2023 को तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली में एन.एस.एस इकाई** ने प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरिया विश्वविद्यालय, (मुजफ्फरपुर शाखा), के सहयोग से "राजयोग और ध्यान के माध्यम से व्यसन उन्मूलन और मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन" विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया । जागरूकता बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम में छात्रों ने व्यापक रूप से भाग लिया।



➢ **कुलपति महोदय के मार्गदर्शन** में दिनांक 1 से 30 सितम्बर 2023 तक विश्वविद्यालय में हिंदी चेतना माह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत 1 सितम्बर को राष्ट्रहित में हिन्दी की सर्वव्यापकता हेतु माननीय कुलपति द्वारा अपील जारी कर हिंदी के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न कार्यक्रमो की मंजूरी दी गई। पूरे माह के दौरान विभिन्न महाविद्यालयों एवं संकायों के गैर हिन्दी एवं हिन्दी भाषी छात्र-छात्राओं के बीच अलग- अलग वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रशासनिक कर्मियों के बीच हिन्दी टिप्पणी लेखन प्रतियोगिता, शिक्षकों/वैज्ञानिकों के बीच तकनीकी आलेख प्रतियोगिता एवं स्थानीय प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं के मध्य चित्रकला प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही विभिन्न निदेशालयों, महाविद्यालयों, विभागों द्वारा अपने-अपने इकाइयों के हिंदी के उल्लेखनीय कार्यो को दर्शाया गया इसके अलावा काव्य सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें देश के नामचीन कवियों की भागीदारी के साथ -साथ छात्रों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दिनांक 30 सितम्बर को समापन समारोह में माननीय कुलपति जी ने विश्वविद्यालय के साहित्यिक क्लब की देख-रेख में छात्रों द्वारा सम्पादित एवं संकलित पत्रिका "पूसा सुरम्य"- अर्द्ध-वार्षिक छात्र पत्रिका के पहले अंक का विमोचन किया। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजेता पुरुस्कृत किये गये।







➢ **डॉ. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) द्वारा** कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम एवं आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की भूमिका पर संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यौन-उत्पीड़न मुक्त परिसर के वातावरण को बढ़ावा देना, तथा विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अपने अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के बारे में जागरूक एवं शिक्षित करना था।



कार्यशाला छात्रों को यौन उत्पीड़न के विभिन्न रूपों, कानूनी प्रक्रियाओं, विशाखा दिशानिर्देश, यू.जी.सी दिशानिर्देश के बारे में शिक्षित करने एवं यौन उत्पीड़न की शिकायतों से निपटने में



आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की भूमिका को समझाने के लिए की गई थी। कार्यशाला में सभी महाविद्यालयों के कुल 481 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## अनुसंधान गतिविधियाँ

➢ **दिनांक 1-3 सितंबर, 2023 के दौरान** माधुरी आर्य, वरिष्ठ वैज्ञानिक, तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली ने महात्मा फुले कृषि विद्यापीठ, राहुरी, महाराष्ट्र में आयोजित अखिल भारतीय समन्वित अनुसन्धान परियोजना- दलहन के वार्षिक समूह की बैठक में भाग लिया।





➢ **NSS unit at TCA Dholi** in collaboration with Prajapitas Brama Kumaris Iswariya Vishwa Vidyalaya, (Muzaffarpur branch), organized an awareness program on "Addiction Eradication and Mental Health Enhancement through Rajyoga Meditation" on 25th September, 2023. The event was widely attended by students, faculty, and staff from TCA campus for inculcating mindfulness.



➢ **The university organized Hindi Awareness Month** from September 1st to September 30th, 2023, under the guidance of the Hon'ble Vice Chancellor. As part of this initiative, on September 1st, an appeal was issued by the Hon'ble Vice Chancellor to promote the widespread use of Hindi for the national interest. Various programs to encourage Hindi, including debates, essay competitions, general knowledge competitions, art competitions, administrative staff Hindi comment writing competitions, technical article competitions among teachers/scientists, and local primary, middle, and high school students' art competitions, debates, and essay competitions were organized.

Additionally, various departments and colleges showcased their significant contributions to the promotion of Hindi. A poetry symposium was also organized in which renowned poets from the country participated, along with students who demonstrated their talent. On September 30th, in the closing ceremony, the Hon'ble Vice Chancellor unveiled and felicitated the first issue of the student magazine "Pusa Suramya," a half-yearly student magazine, managed and compiled by students under the guidance of the university's Literary Club. Various competition winners were also awarded at the closing ceremony.







➢ **The Sensitization Workshop on Prevention of Sexual Harassment (PoSH)** and the Role of the Internal Complaint Committee (ICC) organized by Team ICC of Dr. Rajendra Prasad Central Agricultural University, Pusa was a resounding success. It played a crucial role in fostering a campus environment free from sexual harassment, promoting awareness, and educating students of the university about their rights and responsibilities.



The workshop was designed to Educate students about the various forms of sexual harassment and informing participants about the laws, VISHAKHA Guidelines, UGC Guidelines and other regulations related to sexual harassment. It was also aimed to explain the ICC's role in handling complaints and its commitment to promoting a harassment-free campus.



The workshop was attended by students of different course programmers and levels within the university. A Total of 481 individuals from all the colleges participated in the event, demonstrating a significant level of interest and engagement.

## RESEARCH ACTIVITIES

➢ **Scientist member participated in AICRP Pulses Annual group Meet** Dr. Madhuri Arya, Sr. Scientists of AICRP Pulses, TCA, Dholi participated in Annual Group Meeting held at MPKV, Rahuri, Maharashtra from 1-3 September, 2023.



➢ **दिनांक 4 सितंबर 2023 को डॉ. रा. प्र. के. कृ. वि., पूसा द्वारा गन्ने पर ड्रोन से छिड़काव का प्रदर्शन:** कल्याणपुर फार्म में क्षेत्र दिवस समारोह के अवसर पर माननीय कुलपति महोदय के उपस्थिति में कवकनाशी के छिड़काव के लिए ड्रोन का उपयोग गन्ने की फसल पर किया गया। इस मौके पर अधिष्ठाता, निदेशक, संबंधित वैज्ञानिक एवं किसान बन्धु भी उपस्थित रहे।



➢ **मछली फिंगरलिंग्स को विश्वविद्यालय के विभिन्न जलाशयों में छोड़ा गया**

माननीय कुलपति महोदय की उपस्थिति में पायलट प्रोजेक्ट के तहत चावल-सह-मछली पालन तालाब में स्टॉक में रखीं कॉमन कार्प (साइप्रिनस) के 1500 फिंगरलिंग्स को छोड़ा गया तथा विश्वविद्यालय के जैव विविधता पार्क (बायो-डाइवर्सिटी पार्क) में रोहू, कतला और मृगल की 3500 फिंगरलिंग्स का भण्डारण किया गया।



➢ **तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली के उद्यान में शीतोष्ण फलों की फसलें** जैसे कम ठंडी जलवायु मे होने वाला सेब, आड़ू की किस्में, बेर और अखरोट इत्यादि को लगाया गया। इन फसलों का उपयोग महाविद्यालय के छात्रों द्वारा स्नातक स्तर के प्रैक्टिकल परीक्षा में किया जाएगा।



➢ **विद्यार्थियों ने लीची से मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार किये**



बागवानी विभाग तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली के छात्रों ने लीची से विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पादों, जैसे-लीची स्क्वैश, लीची नट्स और लीची किशमिश का विकास किया है। किसान बन्धु भी इस प्रक्रिया को सीखने के लिए विभाग में आ रहे हैं।

➢ **राष्ट्रीय पोषण माह-2023 पर जागरूकता कार्यक्रम**

राष्ट्रीय पोषण माह-2023 पर जागरूकता कार्यक्रम दिनांक 14.09.2023 को ग्राम रतनमनिया, ब्लॉक - बंदरा, जिला- मुजफ्फरपुर में "भा. कृ. अनु. प.- अखिल भारतीय समन्वित अनुसन्धान परियोजना, कृषि में महिलाएं" की सहभागिता के रूप में मनाया गया। इसके दौरान कार्यक्रम का सजीव प्रदर्शन किया गया तथा मोटे अनाज आधारित मूल्यवर्धित उत्पाद-जैसे रागी लड्डू बनाने का प्रदर्शन किया गया। इसमें 50 से अधिक ग्रामीण कृषक महिलाओं ने भाग लिया।



➢ **खाद्य एवं पोषण विभाग ने विभिन्न गतिविधियों** का आयोजन कर सितम्बर 2023 माह में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया। स्वस्थ बालक स्पर्धा दिनांक 16.09.2023 को महामदा पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित किया गया जहां बच्चों की स्क्रीनिंग (स्लम क्षेत्रों में गंभीर रूप से कुपोषित और मध्यम रूप से कुपोषित) आयोजित की गयी। पोषण माह की एक और गतिविधि राजेंद्र शिशु सदन एवं कैम्पस पब्लिक स्कूल परिसर में पोषण थीम पर आयोजित की गयी है।



➢ **RPCAU Organised Demonstration of Spraying by Drone on Sugarcane** Use of Drone for spraying of fungicide on Sugarcane crop was demonstrated at Kalyanpur Farm, RPCAU, Pusa on 4th September 2023 on the occasion of a Field Day celebration. Hon'ble Vice-Chancellor graced the event. The Deans, directors, concerned scientists and farmers were present.



➢ **Fish Fingerlings released in various waterbodies of the University** Hon'ble Vice Chancellor on a Pilot trial in Rice-cum-Fish culture pond at rice field released stocked 1500 fingerlings of common carp (Cyprinus carpio). Stocked 3500 fingerlings of Rohu, Catla and Mrigal at recreational pond of Biodiversity Park, RPCAU, Pusa on 07th September 2023.



➢ **Temperate Fruit Crops Planted in the Instructional Garden of TCA Dholi** The varieties of temperate fruit crops have been successfully propagated at Fruit Nursery, TCA Dholi. These temperate crops include low chilling apple, peach varieties, plum and walnut. These crops will be utilized for practical of undergraduate students of TCA Dholi.



➢ **Students prepared value-added products from Litchi pulp**



Students of TCA Dholi have developed various value-added products from litchi in the Department of Horticulture, TCA Dholi such as litchi squash, litchi nuts and litchi raisins. Farmers and visitors used to visit the department for learning the process of preparation for such value-added products.

➢ **Awareness Programme for Rastriya Poshan Mah – 2023 Celebrated** An awareness programme was conducted for celebration of Rastriya Poshan Mah -2023 on 14.09.2023 at village Ratanmaniya, Block - Bandra, Dist- Muzaffarpur as an activity of ICAR-AICRP on Women in Agriculture, CCS, Pusa. During this programme live demonstration on preparation of millet-based value-added products like Ragi Laddu and Ragi based complementary food was conducted. More than 50 rural farm Women and their children were participated in this programme.



➢ **Department of Food and Nutrition** celebrated Rastriya Poshan Mah in the month of September 2023 by organising different activities among different target groups. Swath Balak Spardha was organised at Anganwadi kendra in Mahamada panchayat on 16.09.2023 where screening of children (severely Acute malnourished and Moderately acute malnourished) was conducted in slum areas on the same date. Another activity of the nutrition month was conducted in Rajendra Shishu sadan and Campus public school themed on Parhai Bhi Poshan Bhi.



➢ **प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन:** दिनांक 20.09.2023 को समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत लदौरा गांव में 'प्राथमिक प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और भंडारण' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रोद्योगिकी महाविद्यालय के अंतर्गत अखिल भारतीय समन्वित अनुसन्धान परियोजना द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 150 किसानों/उद्यमियों ने पंजीकरण कराया।फसल कटाई के बाद के विभिन्न प्राथमिक प्रसंस्करण पर तकनीकी सत्र का आयोजन: फसल कटाई के बाद के विभिन्न प्राथमिक प्रसंस्करण, प्रौद्योगिकी, मूल्य संवर्धन और भंडारण के मॉडलों को फ्लेक्सी-चार्ट, फोटो ब्लो-अप आदि की सहायता से प्रदर्शित किया गया, साथ हीं आधुनिक अनाज मिल और मिनी ऑयल एक्सपेलर का प्रदर्शन किया गया। मक्का रोस्टर सह बॉयलर, सिंघाड़ा डेकोर्टिकेटर, हर्मेटिक बैग, आदि का भी प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शित प्रौद्योगिकियों में शून्य ऊर्जा शीत कक्ष, हर्मेटिक बैग भंडारण, पापड़ बनाने की मशीनें, दाल मिलिंग तकनीक, अनाज फुलाने की मशीन, फल/सब्जी स्लाइसर आदि शामिल हैं।



➢ **दिनांक 21 से 23 सितंबर, 2023 के दौरान सोनीपत, हरियाणा में रा. प्र. के. कृ. वि., पूसा ने श्री अन्न पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया:** माननीय कुलपति ने अन्य संकाय सदस्यों के साथ "पोषण एवं आर्थिक सुरक्षा प्राप्त करने के लिए श्री अन्न पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन" (ICMANES-2023), में भाग लिया।



➢ **डॉ. अजय कुमार, पी.आई मक्का, तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली** ने दिनांक 21 सितम्बर से 22 सितम्बर 2023 के दौरान बिधान चन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, कल्याणी (पश्चिम बंगाल) के प्रायोगिक क्षेत्र, तथा ओडिशा कृषि एवं प्राद्यौगिकी महाविद्यालय (OUAT ) भुवनेश्वर (ओडिशा) का दौरा किया।



➢ **जलवायु अनुकूल कृषि पर समीक्षा एवं प्रदर्शनी :** डॉ. रा. प्र. के. कृ. वि., पूसा में अनुसंधान निदेशालय द्वारा जलवायु अनुकूल कृषि की उपलब्धियों को शामिल करते हुए दिनांक 26.09.2023 को एक समीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। पिछले एक वर्ष में डॉ. रा. प्र. के. कृ. वि., पूसा के विभिन्न प्रौद्योगिकियाँ, उत्पाद, पेटेंट और अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियों पर समीक्षा की गयीं एवं इसे विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों और छात्रों के समक्ष प्रदर्शित किया गया। उक्त मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता भी छात्रों द्वारा आयोजित किया गया। माननीय कुलपति ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सभी के योगदान की सराहना की।




➢ **जलवायु परिवर्तन परिस्थितियाँ के तहत एफपीओ के माध्यम से बिहार में श्री अन्न को बढ़ावा देने पर कार्यशाला :** **'जलवायु परिवर्तन के तहत एफ.पी.ओ के माध्यम से बिहार में श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने'** पर एक कार्यशाला का आयोजन दिनांक 27 सितंबर, 2023 को भा. कृ. अनु. प.- छोटे कदन्न फसलों पर भारतीय समन्वित अनुसन्धान परियोजना, डॉ. रा. प्र. के. कृ. वि., पूसा द्वारा किया गया। कार्यशाला में 265 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें किसान उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ), प्रगतिशील किसान, कृषि विज्ञान केन्द्र के कर्मी, शामिल रहे। कार्यशाला का उद्देश्य एफ.पी.ओ के माध्यम से कदन्न (श्री अन्न ) की खेती के बारे में लोगों को शिक्षित करना और जागरूकता फैलाना था। साथ हीं, बिहार राज्य में किसानों एवं अन्य हितधारकों को श्री अन्न की खेती में आ रही चुनौतियाँ और और इससे कैसे निपटा जाए, इस पर विचार विमर्श किया गया। कार्यशाला के व्याख्यान में अनेक विषयों यथा, एफ.पी.ओ का गठन, चुनौतियाँ और बिहार में एफ.पी.ओ के लिए अवसर, व्यापार, श्री अन्न के क्षेत्र में अवसर, एफ.पी.ओ की भूमिका, सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी आदि शामिल किये गये। व्याख्यान में एन.सी.डी.सी क्षेत्रीय निदेशक, पटना, डी.डी.एम, नाबार्ड, समस्तीपुर, आई.आई.एम.आर, हैदराबाद के वैज्ञानिक सहित कई विशेषज्ञ उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति जी ने भाग लिया।



➢ **भा. अनु. कृ. प.- एवोकैडो वृक्षारोपण:** फलों पर भारतीय समन्वित अनुसन्धान परियोजना के सहयोग से, एवोकैडो की तीन किस्में, अरका कूर्ग रवि, अरका कूर्ग सुप्रीम और टीकेडी-01 को डॉ. रा. प्र. के. कृ. वि., पूसा में लगाया गया है। पहली दो किस्में, अर्का कूर्ग रवि एवं अर्का सुप्रीम भा. कृ. अनु. प. - भारतीय उद्यानिकी अनुसन्धान संस्थान, बेंगलुरु द्वारा विकसित है जबकि टीकेडी-01 तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर द्वारा विकसित की गयीं जिन्हें डॉ. रा. प्र. के. कृ. वि., पूसा में फलों पर भारतीय समन्वित अनुसन्धान परियोजना के बहुस्थानीय प्रयोग के तहत लगाया गया।



➢ **Training-cum-awareness Programme Organised** A one-day training-cum-awareness program on 'Primary Processing, Value Addition and Storage' was organized by AICRP on PHET, CAET, RPCAU, Pusa under its SC subplan at Ladaura village under Kalyanpur Block of Samastipur district on 20.09.2023. About 150 farmers/entrepreneurs got registered in this training program. Technical session was conducted on various post-harvest primary processing technology, value addition and storage and demonstrated with the help of models, flexi-charts, photo blow-ups etc. Live demonstration of Modern Grain Mill and Mini Oil Expeller was conducted along with demonstration of corn roaster cum boiler, water chestnut decorticator, hermetic bag, etc. Technologies displayed included Zero energy cool chamber, Hermetic bag storage, Papad making machines, Dal milling technology, Grain puffing machine, Fruit/Vegetable slicer etc. Scientists of Processing & Food Engineering department conducted the technical session.




➢ **RPCAU participated in the International Conference on Millets at NIFTEM, Sonipat, Haryana** **Hon'ble Vice Chancellor** along with the faculty members of RPCAU participated in the International Conference on Millets (Shree Anna) for achieving nutritional and economic security (ICMANES-2023) held at NIFTEM, Sonipat, Haryana during 21st to 23rd September, 2023.




➢ **Dr. Ajay Kumar, PI Maize, TCA, Dholi** monitored the experimental fields at BCKV, Kalyani (WB), & OUAT, Bhubneshwar (Odisha) during 21st Sept. to 22nd Sept. 2023.



➢ **Review and Exhibition on Climate Resilient Agriculture** A review programme encompassing the achievements of Climate Resilient Agriculture at RPCAU, Pusa was organised on 26.09.2023 by the Directorate of Research. Various technologies, products, patents and other notable accomplishments of RPCAU in past one year were exhibited for all the employees and students of the University. A painting competition by the students was also organised. Hon'ble Vice Chancellor graced the occasion and acknowledged the contribution of everyone for taking university to the new heights.

Workshop on "Promotion of Millets in Bihar through FPOs under changing climatic conditions"




➢ **A workshop on 'Promotion of Millets in Bihar through FPOs under changing climatic conditions'** was organised on September 27, 2023 by the ICAR-AICRP on Small Millets, RPCAU, Pusa. The workshop registered 265 participants which included Farmer Producer Organizations (FPOs), progressive farmers, KVK personnel, from all over Bihar. The objective of the workshop was to educate and spread awareness among the FPOs about their role in promoting millets in Bihar state and deliberate upon how to tackle the challenges faced by the millet farmers and stakeholders. The workshop involved lectures on the formation of FPOs, challenges and opportunities for FPOs in Bihar, Business opportunities in millets sector, Role of FPOs in promotion of Millets through public private partnership etc. NCDC Regional Director, Patna, DDM, NABARD, Samastipur, Scientists from IIMR, Hyderabad were present among the several experts with Hon'ble Vice Chancellor, RPCAU as Chief Guest.



➢ **Avocado Plantation**

In collaboration with ICAR-AICRP on Fruits, three varieties of Avocado namely, Arka Coorg Ravi, Arka Coorg Supreme and TKD-01 have been planted in RPCAU, Pusa. The former two varieties, Arka Coorg Ravi and Arka Supreme developed by the ICAR-IIHR, Bengaluru and TKD-01 developed by the Tamil Nadu Agricultural University, Coimbatore was planted under multilocation experiment of ICAR-AICRP on Fruits.



## प्रसार गतिविधियाँ

